98

बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

## सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–116/2025 11512 /पटना, दिनांक– 13.11.25

संयुक्ता सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 285 अनु0 दिनांक 09.01.2025 द्वारा कार्य प्रमंडल, सहरसा अन्तर्गत सौर बाजार प्रखंड में चार पथों का गुणवत्ता विहिन तथा उसकी स्थिति टूटी–फूटी एवं अपूर्ण रहने के कारण डा0 आलोक रंजन, माननीय पूर्व मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना द्वारा परितवाद समर्पित किया गया। परविाद पत्र में वर्णित बिन्दुओं की जॉच मुख्य अभियंता–04 निर्माण एवं गुणवत्ता से करायी गयी, जिसमें चार पथो में से एक पथ यथा रघुनाथपुर हाउस मोहन साह से महादलित टोला भाया बाबूजी यादव ओला पथ में ढलाई से मिट्टी निकालने एवं पथ पर घास उगने को लेकर जॉच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित है कि संदर्भित पथ के CH 0.270 KM पर कालीकरण भाग में एक Pit काटा गया। WBM Gr-III, GSB-I की मुटाई एवं Gradation Test संतोषप्रद पाया गया, परन्तु WBM Gr-III में Filler Material अत्याधिक (48.71%) पाया गया, Bitumen Content (3.6%) कम पाया गया, PCC की मुटाई तथा Compressive Strength भी कम पायी गयी। साथ ही PCC पथ में Revelling पाया गया। वर्त्तमान में संदर्भित पथ पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि के चतुर्थ वर्ष में है। पथ की स्थिति संतोषप्रद नहीं पायी गयी। कार्य असंतोषजक रहने के कारण संवेदक Vijay Kumar, (Reg. No. 4170012(UE)/ 4190194/ 2220696), S/O Barun Kumar, At-Vill-Uteshra, Ward No. 03 Utesra,Dist-Saharsa, Bihar, Pincode-85126 के विरूद्ध कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 722 दिनांक 17.02.2025, पत्रांक 1102 अनु0 दिनांक 18.03.2025, पत्रांक 7919 अनु0 दिनांक 22.07.2025 एवं पत्रांक 10040 दिनांक 18.09.2025 द्वारा सम्बन्धित संवेदक Vijay Kumar से स्पष्टीकरण की माँग की गयी, जो अब तक अप्राप्त है। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं कंडिका 11(ख) (ii) के आलोक में संवेदक Vijay Kumar, (Reg. No. 4170012(UE)/ 4190194/ 2220696), S/O Barun Kumar, At-Vill-Uteshra, Ward No. 03 Utesra,Dist-Saharsa, Bihar, Pincode-85126 के निबंधन संख्याः–4170012(UE)/ 4190194/ 2220696 को अगले 04 (चार) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(signature) 12.11.25

(जय किशोर ठाकुर)

अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–116/2025 11512 /पटना, दिनांक– 13.11.25

प्रतिलिपि– संवेदक Vijay Kumar, S/O Barun Kumar, At-Vill-Uteshra, Ward No. 03 Utesra,Dist-Saharsa, Bihar, Pincode-85126को सूचनार्थ प्रेषित।

(signature) 12.11.25

अभियंता प्रमुख

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–116 / 2025 11512 / पटना, दिनांक– 13.11.25

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 12.11.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–116 / 2025 11512 / पटना, दिनांक– 13.11.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/- 12.11.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–116 / 2025 11512 / पटना, दिनांक– 13.11.25

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 12.11.25

अभियंता प्रमुख